राष्ट्रीय रेल मजदूर संघर्ष समन्वय समिति मंडल रतलाम

आमसभा शाम ५॥
बजे दो-बत्ती चौराहा

एकता-दिवस

१५ मार्च १९७४

रेल कर्मचारी साथियों ! आपको यह जानकर हर्ष होगा कि रतलाम मण्डल पर भी आगामी अप्रेल माह में होने वाले अखिल भारतीय संघर्ष को सफल बनाने के लिए निम्नलिखित छः सूत्री मांगों को लेकर एक संघर्ष समन्वय समिति का गठन किया गया है ।

एकता दिवस के रूप में इसका शुभारम्भ दिनांक १५ मार्च १९७४ की शाम को ५-३० बजे एक विशाल आम सभा के द्वारा किया जा रहा है । अतः समस्त बन्धु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने का कष्ट करें ।

आपकी छः सूत्री मांगे :—

१ (अ) समस्त रेल कर्मचारियों को औद्योगिक कर्मचारी माना जावे ।
(ब) रेलकर्मचारियों के कार्य का समय एक दिन में ८ घन्टे से ज्यादा न हो ।
(स) प्रत्येक रेल कर्मचारी का वैज्ञानिक ढंग से कार्य मूल्यांकन वर्गीकरण एवं इसी आधार पर वेतन निर्धारित किया जावे ।
(द) जब तक कार्य का मूल्यांकन पूरा नहीं हो तब तक रेल कर्मचारियों को अन्य सरकारी संस्थानों जैसे एच. एम. टी., बी. एच. ई. एल., एच. एस. एल., एच. ए. एल आदि में कार्यरत कर्मचारियों के समान वेतन दिया जावे ।

२ हर छः माह में ४ पाईन्ट से अधिक बढ़ने वाली मंहगाई को पूर्ण रूपेण अप्रभावी करते हुए मंहगाई-भत्ते को जीवन निर्वाह सूचकांक के साथ जोड़ दिया जावे ।

३ प्रति वर्ष एक माह के वेतन की दर से बोनस दिया जावे तथा १९७१-७२ और १९७२-७३ का बकाया बोनस का भुगतान किया जावे ।

४ "केज्यूअल" प्रथा को समाप्त कर के केज्यूअल लेबर को स्थाईत्व प्रदान कर इसके तहत मिलने वाले लाभों को प्रारम्भ से दिया जावे ।

५ ग्रेन शाप के माध्यम से पर्याप्त सस्ते अनाज के वितरण की व्यवस्था की जावे ।

६ दमनात्मक (विक्टीमाईजेशन) कार्यवाहियों को समाप्त किया जावे ।

मजदूर एकता जिन्दाबाद-अपनी मांगे लेकर रहेंगे-वर्ना चक्का जाम करेंगे !

संघर्ष समन्वय समिति जिन्दाबाद ! !

हम है आपके साथी—

वेस्टर्न रेल्वे एम्पलाईज यूनियन
पश्चिम रेल्वे कर्मचारी परिषद
आल इन्डिया रेल्वे कन्फेड्रेशन
आल इण्डिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसियेशन

श्री शारदा प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम